प्रेषक,

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ दिनांकः अगस्त, 2026

**विषय– तालाब/अन्य स्रोतों के पट्टों/नीलामी से गाँ निधि में प्राप्त होने वाली आय के अनुश्रवण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राजस्व विभाग के शासनादेश संख्या–1248/एक–2– 2026–1955561 दिनांक 17.07.2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा ग्राम पंचायतों में तालाब/अन्य स्रोतों के पट्टों/नीलामी से गांव निधि में प्राप्त होने वाली आय को 31 अगस्त, 2026 तक शत–प्रतिशत गांव निधि (विलेज फण्ड) में अंतरित किए जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं।

2– 16वें वित्त आयोग की संस्तुतियों में अनुदान राशि के अंतरण की शर्तों में 10 प्रतिशत अनुदान राशि को ओ.एस.आर. के परफारमेंस से जोड़ा गया है। 16वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2028–29 से वित्तीय वर्ष 2030–31 तीन वर्षों में रू 8326.5 करोड़ की धनराशि परफारमेंस ग्राण्ट के रूप में प्राप्त होनी है। ग्रामीण विकास हेतु ग्राम पंचायतों की आत्मनिर्भरता एवं परफारमेंस ग्राण्ट की प्राप्ति हेतु तालाब/अन्य स्रोतों के पट्टों/नीलामी से गांव निधि में प्राप्त होने वाली धनराशि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजस्व विभाग के उक्त शासनादेश दिनांक 17.07.2026 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार तालाबों/अन्य स्रोतों के पट्टों/नीलामी से होने वाली आय/राजस्व के सम्बन्ध में पंचायतीराज विभाग एवं राजस्व विभाग के जनपद एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कराते हुए ग्राम पंचायतों के अंश को गांव निधि में अंतरित कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
ANIL KUMAR
Date: 13-08-2026
11:17:28

(अनिल कुमार)
प्रमुख सचिव।

Amit Srivastava

संख्या व दिनांकः— तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।

2— आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 शासन।

3— निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ।

4— समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

5— समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

6— समस्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं समस्त उप जिलाधिकारी, उ0प्र0।

7— समस्त मण्डलीय उप निदेशक(पं0) उ0प्र0।

8— समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

9— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
RAJESH KUMAR TYAGI
Date: 13-03-2026
13:51:36

(राजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।